प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- 
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोकसभा में वित्त वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगी।
- राज्य सरकार ने नई आबकारी नीति जारी की–पर्यटन शहरों के लिए सीजनल लाईसेंस का प्रावधान।
- प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाने की तारीख बढाकर 28 फरवरी की गई।
- राज्य में तापमान में उतार चढाव का दौर जारी–आज कुछ स्थानों पर कोहरा छाया हुआ है।

...................

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोक सभा में वित्त वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट होगा। इससे पहले कल दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया। सर्वेक्षण के अनुसार वित्त वर्ष–2025 में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव चार प्रतिशत की बढोतरी का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025–2026 में यह वृद्धि छह दशमलव तीन से छह दशमलव आठ प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। सर्वेक्षण में इस बात पर जोर दिया गया है कि घरेलू अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है।

...................

16वीं राज्य विधानसभा का तीसरा सत्र राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण के साथ कल से शुरू हुआ। अपने अभिभाषण में राज्यपाल ने राज्य सरकार के पिछले एक वर्ष के कामकाज का ब्यौरा पेश किया। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन में कल ज्यादा कामकाम नहीं हुआ। राज्यपाल से मंजूरी के लिए विधेयकों और तीन अध्यादेशों को सदन के पटल पर रखा गया। बीते दिनों दिवंगत विशिष्टजनों के प्रति सदन में शोकाभिव्यक्ति की गई। इस दौरान सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही 3 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा का बजट सत्र दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 7 फरवरी को समाप्त होगा, वहीं दूसरा चरण 19 फरवरी से शुरू होगा। इसी दिन राज्य का बजट पेश किया जाएगा।

...................

राज्य सरकार ने नई आबकारी नीति जारी कर दी है। ये नीति 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2029 तक लागू रहेगी। इस नीति के तहत अब प्रदेश के सभी एयरपोर्ट और 10 कमरों वाली होटलों को भी बार लाइसेंस दिए जा सकेंगे। साथ ही, जैसलमेर, रणकपुर, माउंट आबू, पुष्कर, कुंभलगढ़, जंवाई और

सवाई माधोपुर जैसे पर्यटन शहरों में सीजनल लाइसेंस का प्रावधान भी किया गया है। वित्त विभाग के राजस्व शासन सचिव डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने बताया कि नीति के तहत दुकानों पर स्वास्थ्य चेतावनी का अंकन नहीं करने और सार्वजनिक स्थानों पर मद्य सेवन पर जुर्माना लगाया जाएगा। अवैध शराब रोकने के लिए संयुक्त जांच दलों का गठन किया जायेगा। इसके साथ ही मुखबिर प्रोत्साहन योजना चलाई जायेगी। सीमावर्ती जिलों में विशेष निगरानी कमेटी बनाई जाएगी।

....................

**अब महाकुम्भ से जुड़ी खबरें–**

एस.टी.

आगामी बसंत पंचमी को होने वाले तीसरे अमृत स्नान के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने, मेला प्राधिकरण को जीरो एरर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अमृत स्नान के दौरान संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ को रोकने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इसके अलावा कई स्तरों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। इस बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का आज महाकुंभ में जाने का कार्यक्रम है। इधर प्रदेश से कुंभ में जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। रोडवेज की ओर से अतिरिक्त बसें चलाई जा रही है। वहीं रेल्वे की ओर से मेला स्पेशल ट्रेन चलाई गई है। हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि भगत की कोठी और जोधपुर से 5 और 22 फरवरी को 2 मेला स्पेशल रेलगाडी चलाई जायेगी।

....................

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए राज्यसरकार द्वारा चलाये जा रहे गिवअप अभियान की अंतिम तिथि को बढाकर 28 फरवरी कर दिया गया है। पहले यह तिथि 31 जनवरी तक थी। अजमेर की जिला रसद अधिकार रतन कौर ने बताया कि अभियान के दौरान यदि सक्षम व्यक्ति अपना नाम नहीं हटवाते है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

....................

राज्य सरकार ने कल देर रात एक आदेश जारी कर 53 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिये है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी इस सूची मे 24 आईपीएस अधिकारी, 34 आईएफएस और 113 आरएएस अधिकारियों के नाम भी शामिल है। आदेश के तहत कई वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई है। कुछ अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है।

....................

विश्व पुस्तक मेला आज से दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। इस वर्ष मेले की थीम 'हम भारत के लोग' रखी गई है। नौ दिन चलने वाले इस मेले का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक ने बताया कि इस वर्ष के पुस्तक मेले में रूसी साहित्य आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें फ्रांस, अर्जेंटीना, स्पेन, कोलम्बिया, अबूधाबी और कतर सहित लगभग 50 देश शामिल होंगे। मेले में लगभग दो हजार प्रकाशक और एक हजार वक्ता हिस्सा होंगे।

....................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में वार्षिक उद्यानोत्स्व का उद्‌घाटन करेंगी। इसके साथ ही राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान कल से आम जनता के लिए खुल जायेगा। यह उद्यान 30 मार्च तक सोमवार को छोडकर बाकी दिनों में सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा। उद्यान में प्रवेश निःशुल्क है। प्रवेश के लिए पोर्टल पर भी बुकिंग की जा सकती है। अमृत उद्यान 30 मार्च तक खुला रहेगा।

--------------------

नागौर का रामदेव पशु मेला इन दिनों परवान पर है। मेले में राज्यभर से बडी संख्या में पशुपालक अपने पशुओं को लेकर पंहुचे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में कल 1200 से अधिक पशु पंहुचे।

--------------------

प्रदेश में तापमान में उतार चढाव का दौर जारी है। इस बीच सर्दी का असर कुछ कम हुआ है। आज कुछ स्थानों पर कोहरा छाया हुआ है। दौसा में आज सुबह ग्रामीण इलाकों में कोहरे के कारण दृष्यता काफी कम रही। भरतपुर में धुंध से वाहन चालकों को परेशानी हुई। चूरू में घना कोहरा छाया हुआ है। हनुमानगढ़ से हमारी संवाददाता नेबताया कि वहां भी कोहरा छाया हुआ है। यह कोहरा रबी की फसल के लिये फायदेमंद है। मौसम विभाग ने कल मौसम साफ रहने और तापमान में मामूली उतार चढाव की संभावना जताइ है। वहीं 3 फरवरी से राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार है। इसके असर से 3 और 4 फरवरी को उत्तर पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं बारिश की संभावना है।

--------------------